# सिरपुर से पिपलियाहाना तक मेट्रो की योजना तैयार

▶ 8 किलोमीटर लंबी ग्रीन लाइन

नव भारत न्यूज

**इंदौर. एमपी मेट्रो इंदौर मेट्रो का नेटवर्क बढ़ाने की योजना पर निरंतर कार्य कर रहा है. मेट्रो कॉर्पोरेशन ने इंदौर में एक और नई लाइन विस्तार की योजना बनाई है, जिसके तहत शहर के पश्चिम क्षेत्र को पूर्वी क्षेत्र से जोड़ने का काम किया जाएगा.**

एमपी मेट्रो को येलो लाइन का एक हिस्सा खजराना से रीगल चौराहा तक का फैसला होना बाकी है. वहीं एयरपोर्ट से रेलवे स्टेशन तक का 8 किलोमीटर का काम शुरू हो गया है. एयरपोर्ट से रेलवे स्टेशन तक भूमिगत लाइन का निर्माण कार्य चल रहा है. उक्त येलो लाइन के बाद एमपी मेट्रो द्वारा शहर को पूर्व से पश्चिम और उत्तर से दक्षिण जोड़ने की योजना और विस्तार करने का काम अधिकारियों द्वारा किया जा रहा है. इसके लिए शहर की भौगोलिक क्षेत्र और स्थिति का आंकलन करके दो लाइन की रूपरेखा तैयार की जा चुकी है. सूत्रों के अनुसार एमपी मेट्रो रेल कॉरपोरेशन के अधिकारियों ने पश्चिम से पूर्व की ओर सिरपुर से पिपलियाहाना चौराहे तक नई लाइन का नक्शा तैयार कर लिया है. हालांकि यह प्राथमिक तौर पर ही बनाया है. अंतिम निर्णय और योजना को स्वीकृति संचालक मंडल की बैठक में होगी.



**भूमिगत लाइन डालने की योजना**–सूत्रों के अनुसार सिरपुर से पिपलिया हाना चौराहे तक 8 किलोमीटर लंबी भूमिगत लाइन डालने की योजना है. इस पर करीब 2 हजार करोड़ रुपए अनुमानित लागत आने की संभावना है. यदि इस लाइन की मंजूरी होती है ,तो उसमें सिरपुर, महूनाका, कलेक्ट्रेट चौराहा, टॉवर चौराहा, जीपीओ, रेसीडेंसी और पिपलिया हाना चौराहे पर स्टेशन प्रस्तावित हो सकते हैं. उक्त लाइन को मेट्रो की ग्रीन लाइन निर्माण होना बताया जा रहा है.

### 80 प्रतिशत कार्यक्षेत्र जुड़ जाएंगे

ध्यान रहे कि कल नवभारत में मेट्रो की उत्तर से दक्षिण लवकुश चौराहे से राजेंद्र नगर तक रेड लाइन का नक्शा और प्लान तैयार करने की खबर प्रकाशित की गई थी. माना जा रहा है कि उपरोक्त दोनों लाइन पर मेट्रो रेल शुरू हो जाती है तो भविष्य में इंदौर को लोक परिवहन की बड़ी सुविधा मिल सकती है. लवकुश चौराहे से राजेन्द्र नगर और सिरपुर से पिपलिया हाना चौराहे तक रेड और ग्रीन लाइन निर्माण होने से 80 प्रतिशत व्यापारिक और कार्यक्षेत्र जुड़ जाएंगे.



# 15 दिन में मुख्य मार्ग दुरुस्त करें : महापौर

▶ महापौर स्वयं निरीक्षण कर रहे सड़कों के पेंच वर्क का

नव भारत न्यूज

**इंदौर. शहर में बारिश के कारण खराब सड़कों को सुधारने और पेंच वर्क का काम नगर निगम और अन्य विभागों द्वारा किया जा रहा है. सड़क सुधार कार्य का महापौर स्वयं निरीक्षण कर रहे है.**

महापौर पुष्यमित्र भार्गव सुबह सफाई व्यवस्था का जायजा लेने के साथ ही देर रात सड़कों पर चल रहे पेंचवर्क कार्यों का निरीक्षण भी कर रहे हैं. इसी क्रम में महापौर ने रावजी बाजार, फूटी कोठी रोड और बॉम्बे हॉस्पिटल क्षेत्र में पेंचवर्क कार्यों का अवलोकन किया. इस दौरान उन्होंने निगम कर्मचारियों से चर्चा कर कार्य की प्रगति की जानकारी ली. साफ ही ठेकेदारों को सख्त निर्देश दिए कि पेंचवर्क की गुणवत्ता से किसी भी स्थिति में कोई कमी नहीं रहे. महापौर भार्गव ने बताया कि शहर में प्रतिदिन चार से अधिक लोकेशनों पर पेंचवर्क किया जा रहा है. इस दौरान उन्होंने अधिकारियों को निर्देश देते हुए पंद्रह दिनों में प्रमुख मार्गों पर कार्य पूरा करने का लक्ष्य तय करें. इसके बाद वार्डों और गलियों में भी पेंचवर्क शुरू किया जाएगा.

### मिशन मोड में अभियान जारी

गौरतलब है कि महापौर द्वारा एमपीआरडीसी अधिकारियों को दी गई फटकार के बाद मूसाखेड़ी और देवास नाका क्षेत्र में सत्यसांई सर्विस रोड का निर्माण कार्य तेज़ी से पूरा किया गया है. इससे क्षेत्रीय यातयात सुगम हो गया है. महापौर के सख्त रुख से साफ संकेत है कि शहर की सड़कों को जल्द ही गड्ढा मुक्त बनाने का अभियान मिशन मोड में जारी है.

## एक नजर में

### साजन नगर के खाटू श्याम मंदिर में दीप महोत्सव



**इंदौर.** साजन नगर में पूर्णिमा के पावन अवसर पर खाटू श्याम मंदिर में भक्तिभाव का अद्भुत दृश्य देखने को मिला. मंदिर परिसर में सैकड़ों श्रद्धालुओं ने दीप प्रज्वलित कर भगवान खाटू श्याम जी की महा आरती में भाग लिया. दीपों की रोशनी से पूरा मंदिर परिसर जगमगा उठा. आयोजन में महिलाओं और युवाओं ने भी बड़ी संख्या में भाग लेकर अपनी आस्था व्यक्त की.

### लसोड निर्विरोध अध्यक्ष चुने गए



**इंदौर.** श्री ओसवाल जैन साजना साथ श्री संघ के द्विवार्षिक अध्यक्षीय चुनाव संपन्न हुए. सर्वानुमति से पुखराज लसोड निर्विरोध अध्यक्ष चुने गए. कार्याध्यक्ष अध्यक्ष सुनील पटवा नियुक्त किए गए. रितेश कटकानी सचिव नियुक्त किए गए. उक्त जानकारी चुनाव अधिकारी अशोक मेहता संजय मोगरा एवं बाबूलाल पिपलिया ने दी.

### साइकिल यात्रा से युवाओं को दे रहे प्रेरणा

**इंदौर.** इनमी के2के 5 हजार+ किलोमीटर लंबी साइकिल यात्रा है, जो कश्मीर से कन्याकुमारी तक भाग्य प्रकाश द्वारा अकेले पूरी की जा रही है. यह यात्रा भाग्य प्रकाश, इनमी के प्रशिक्षक और साहसिक यात्रा प्रेमी अकेले पूरी कर रहे हैं. तीन महीने तक चलने वाली इस यात्रा में भाग्य दस राज्यों से होकर गुजर रहे हैं– अलग-अलग भौगोलिक और सांस्कृतिक परिदृश्यों का अनुभव करते हुए, जिज्ञासा, आत्मविश्वास और मानवीय जुड़ाव की परीक्षा लेते हुए. भाग्य की यह यात्रा इनमी लर्निंग की भावना को दर्शाती है. एक ऐसा संगठन जो 1996 से 10–17 वर्ष के बच्चों के लिए आउटडोर एडवेंचर अनुभव संचालित कर रहा है. इनमी का मूल उद्देश्य बच्चों को स्क्रीन और तकनीक की लत से दूर ले जाकर वास्तविक दुनिया से जोड़ना है. रोमांच और प्रकृति के माध्यम से बच्चे आत्मनिर्भरता, धैर्य और आत्मविश्वास सीखते हैं– वही मूल्य जो भाग्य की इस एकल यात्रा में झलकते हैं. भाग्य ने अपनी यात्रा 1 अक्टूबर को श्रीनगर से शुरू की, और अब तक चंडीगढ़, दिल्ली–एनसीआर, राजस्थान और उत्तर भारत के कई हिस्सों से गुजर चुके हैं. रास्ते में उन्होंने स्कूलों और समुदायों से मुलाकात की, जहाँ उन्होंने अपने अनुभव साझा किए. भाग्य इंदौर भी पहुँचेंगे.

### फार्मा एमएसएमई प्रतिनिधिमंडल हैदराबाद रवाना

**इंदौर.** विश्व बैंक समर्थित भारत सरकार की रैम्प (रेज़िंग एंड एक्सलेरेटिंग एमएसएमई परफॉरमेंस) योजना के अंतर्गत मध्यप्रदेश लघु उद्योग निगम (एमपीएलयूएन) एवं सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम विभाग, मध्यप्रदेश शासन द्वारा फार्मास्यूटिकल सेक्टर के एमएसएमई उद्यमों के प्रतिनिधियों के लिए एक एक्सपोज़र विज़िट का आयोजन हैदराबाद फार्मा एसईजेड क्लस्टर में किया गया है. इस अवसर पर सांसद शंकर लालवानी ने इंदौर एयरपोर्ट पर फार्मा एमएसएमई प्रतिनिधिमंडल का स्वागत कर उन्हें हैदराबाद के लिए रवाना किया। इस एक्सपोज़र विज़िट का उद्देश्य राज्य के फार्मा उद्योग से जुड़े सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमों को उन्नत उत्पादन तकनीकों, अनुसंधान एवं विकास प्रक्रियाओं, गुणवत्ता नियंत्रण मानकों तथा वैश्विक औद्योगिक प्रथाओं से परिचित कराना है, जिससे वे अपनी प्रतिस्पर्धात्मक क्षमता को सशक्त कर सकें और राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय बाजारों में अपनी उपस्थिति को सुदृढ़ बना सकें. समन्वय हेतु एमपीएलयूएन से अनिल थागले (डिप्यूटी सीजीएम), मिहिर आनंद (कंसल्टेंट, रैम्प सेल) तथा सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम विभाग से संयुक्त निदेशक श्री मण्डलोई, जीएम जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र स्वप्निल गर्ग और जयंती टैगोर उपस्थित रहे. पीएचडीसीसीआई की ओर से असिस्टेंट रेज़िडेंट डायरेक्टर अनिरुद्ध दुबे ने प्रतिनिधिमंडल के साथ समन्वय का दायित्व संभाला.

### मेक मायट्रिप ने दिखाया भारत का बढ़ता ट्रैवल फुटप्रिंट

**इंदौर.** मेकमायट्रिप के पहले 'ट्रैवल का मुहूर्त' (29 अक्टूबर से 3 नवंबर) के शुरुआती छह दिनों के रुझान बताते हैं कि भारतीय यात्री अब पहले से फ्लाइट्स की योजना बना रहे हैं, नई जगहों की खोज के साथ प्रीमियम होटलों को प्राथमिकता दे रहे हैं और आकर्षक डील्स व ऑफर्स के ज़रिए बचत के अवसरों की तलाश कर रहे हैं. साल के अंत की फ्लाइट्स की अग्रिम बुकिंग दोगुनी हो गई है. घरेलू स्तर पर यात्रियों ने भारतभर में फ्लाइट्स बुक कीं, जबकि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बुकिंग्स 115 देशों के 362 एयरपोर्ट्स तक फैलीं. स्टे के मोर्चे पर, अंतरराष्ट्रीय आवास बुकिंग्स 109 देशों के 834 शहरों में स्थित 7,911 यूनिक प्रॉपर्टीज़ को कवर करती हैं. घरेलू स्तर पर यात्रियों ने 1,441 भारतीय शहरों में 40,038 यूनिक प्रॉपर्टीज़ बुक कीं. मेकमायट्रिप के सह-संस्थापक एवं समूह मुख्य कार्यकारी अधिकारी राजेश मागो ने कहा यह देखना उत्साहजनक है कि यात्री पहले से योजना बना रहे हैं और अधिक सोच-समझकर निर्णय ले रहे हैं. 'ट्रैवल का मुहूर्त' के माध्यम से हमारा उद्देश्य ऐसा प्लेटफॉर्म तैयार करना है जो पूरे इकोसिस्टम – यात्रियों, पार्टनर्स और उद्योग – सभी के लिए लाभकारी साबित हो.

### फ्लिपकार्ट ने ऑनलाइन शॉपिंग के सुरक्षित सुझाव दिए

**इंदौर.** ऑनलाईन शॉपिंग भारत में लाखों लोगों के जीवन का तरीका बन गई है। इसलिए सतर्क रहना बहुत आवश्यक हो चुका है। साईबर धोखेबाज लगातार अपने तरीकों में सुधार कर रहे हैं, वो नकली वेबसाईट, स्कैम कॉल्स और मैलिशियस ऐप्स बनाते हैं, जो भोले-भाले ग्राहकों को भ्रमित करके उन्हें चूना लगा देते हैं. इन खतरों से ग्राहकों की सुरक्षा करने के लिए फ्लिपकार्ट ने ऑनलाईन शॉपिंग करते वक्त रखने वाली सावधानियों की एक गाईडलाइन जारी की है. यह गाईड अपने फ्लिपकार्ट खाते और डेटा को सुरक्षित रखने के लिए सरल और प्रभावशाली उपाय बताती है. सुरक्षित रहने और क्लिक करने से पहले ही स्कैम को पहचानने के कई उपाय हैं. इसके अंतर्गत स्कैम कॉल्स और सोशल इंजीनियरिंग से सावधान रहें. इसमें यदि कोई आपसे कहे कि वह फ्लिपकार्ट से बात कर रहा है और ऐप को इंस्टॉल करने या संवेदनशील जानकारी (ओटीपी, पिन, सीवीवी) देने के लिए कहे, तो कोई जवाब नहीं दें. अविश्वसनीय रूप से अच्छे दिखने वाले ऑफरों के जाल में न फँसें. मैलिशियस लिंक्स से सतर्क रहें, ये एसएमएस, ईमेल या पॉप-अप्स द्वारा भेजे जा सकते हैं. केवल सत्यापित प्लेटफॉर्म पर भरोसा करें. नकली ऐप या वेबसाईट के संकेतों को जाँच लें. अपनी डिवाईस की निगरानी करते रहें. संदिग्ध गतिविधि की फौरन सूचना दें.

# देव दिवाली पर कलेक्टर ने खजराना गणेश मंदिर में की पूजा

▶ सिंहस्थ के पहले होने वाले मंदिर विस्तार कार्यों की जानकारी ली

नव भारत न्यूज

**इंदौर. कार्तिक पूर्णिमा देव दीपावली पर्व पर कलेक्टर ने खजराना गणेश मंदिर में पूजा की. इस दौरान उन्होंने खजराना मंदिर के अन्न क्षेत्र का भी अवलोकन किया. साथ ही उन्होंने बताया कि सिंहस्थ के पहले मंदिर का विस्तार किया जाएगा.**

आज सुबह कलेक्टर शिवम वर्मा ने कार्तिक पूर्णिमा देव दिवाली के मौके पर खजराना गणेश मंदिर में पूजा अर्चना कर शहर में खुशहाली और समृद्धि के प्रार्थना की. इस अवसर पर मंदिर में 56 भोग लगाया गया. भगवान की अन्नकूट प्रसादी में पूड़ी, मिक्स सब्जी और बूंदी का वितरण भी किया गया. कलेक्टर वर्मा के साथ निगम आयुक्त दिलीप कुमार यादव एवं अपर आयुक्त रोहित सिसोनिया भी थे. कलेक्टर ने मंदिर के अन्न क्षेत्र का अवलोकन भी किया और भक्तों के साथ प्रसादी भी ग्रहण की.



**मंदिर का किया जाएगा विस्तार**–कलेक्टर वर्मा ने कहा कि सिंहस्थ को देखते हुए खजराना गणेश मंदिर का विस्तार किया जाएगा, ताकि एक साथ बड़ी संख्या में भक्तजन सुविधापूर्वक दर्शन कर सकें. पुजारी भट्ट परिवार ने सिंहस्थ के पहले किए जाने वाले कार्यों के बारे में जानकारी दी. उल्लेखनीय है कि खजराना गणेश मंदिर में स्थित अन्न क्षेत्र में भक्तों को प्रतिदिन नि:शुल्क भोजन कराया जाता है. अन्न क्षेत्र सुबह 11 बजे से शुरू होता है, जो रात्रि 10 बजे तक खुला रहता है. प्रतिदिन हजारों भक्त प्रसादी ग्रहण करते हैं.



# व्यंकटेश बालाजी को लगा छप्पन भोग

**इंदौर.** श्री पद्मावती वेंकटेश देवस्थान विद्या पैलेस कॉलोनी एरोड्रम रोड पर प्रति वर्ष अनुसार इस वर्ष भी भगवान श्री वेंकटेश बालाजी को छप्पन भोग लगाया गया। स्वामी जी श्री केशवाचार्य जी महाराज बालक स्वामी जी के सानिध्य में हुए इस उत्सव में चावल रूपी गिरिराज पर्वत पर गिरिराज के दर्शन भी इस दौरान हुए.

भजन सम्राट भोपू जी के भजन आओ आओ रे सांवरिया छप्पन भोग लगाओ रे सांवरिया, थाली भरकर लाई खीचड़ो ऊपर घी की बाटकी, म्हारा बाल गोविंदा जी म्हारा घर रमवा आजो जी, जैसे भजनों के साथ भगवान बालाजी को छप्पन भोग अर्पित किया गया. भक्तों ने भजन संध्या का देर रात तक लुफ्त उठाया और इस दौरान झूम कर नृत्य भी भक्तों के द्वारा किया गया. मंदिर परिसर में सुंदर रंगोली भी सजाई गई. मंदिर समिति के दिनेश अग्रवाल, मनोहर सोनी एवं हरिकिशन साबू ने बताया कि इस वर्ष भगवान श्री वेंकटेश बालाजी को नारियल के पानी के प्रयोग से बने हुए छप्पन पकवान का ही भोग लगाया गया था। जिसमें जलेबी, मालपुआ, गुलाब जामुन, रसगुल्ला, लड्डू ,खीर ,खिरान मिक्कर , नमकीन चावल, सेव ,नमकीन दाल ,मक्खन बड़ा, दही बड़ा ,दही चावल,जलेबी, रबडी सहित कई पकवानों का भोग लगाया गया.

### दीपक से सजाया गया मंदिर को

इस अवसर पर भगवान वेंकटेश बालाजी के समक्ष चावल के छोटे से गिरिराज पर्वत का भी निर्माण किया गया. छोटे-छोटे दीपक से भी मंदिरों को सजाया गया. भगवान की आरती के पश्चात दर्शन भक्तों के लिए खोले गए. इस अवसर पर नारायण मालानी पदमा हेडा गिरीश कश्यप भगवानदास हेड़ा सुभद्रा साबू बंशीधर सोमानी राजू चौहान सोयल साबू प्रदीप साबू अशोक अग्रवाल मदन जी बांग पदमा सोनी नितिन तापड़िया मोहित कश्यप राजू मंत्री है अक्षय काबरा बलराम समदानी बलराम मंत्री आदि मौजूद थे

# गुरुनानक देव के प्रकाश पर्व पर सजा दीवान, शबद कीर्तन गूंजे

▶ गुरुद्वारों में कीर्तन की धूम
▶ खालसा कॉलेज में भक्तों ने चखा लंगर

**इंदौर.** सिख धर्म के संस्थापक गुरु नानक देव का 556वां प्रकाश पर्व बड़े उत्साह के साथ मनाया गया. गुरुद्वारों में दीवान सजाए गए हैं, गुरुद्वारों में श्रद्धा और उल्लास का अद्भुत संगम देखने को मिला. संगत ने गुरुबाणी और शबद कीर्तन के माध्यम से गुरु महिमा का गुणगान किया और सबके भले की अरदास की. फूलों से सजी पालकी के समक्ष मत्था टेकते श्रद्धालु, गुरुग्रंथ साहिब के सामने अरदास और रागी जत्थे की ओर से शबद गायन की स्वर लहरियां-गुरुद्वारों का ऐसा दृश्य भक्तों को आत्मिक शांति प्रदान कर रहा था.

श्री गुरु सिंघ सभा इंदौर के तत्वावधान में प्रकाश पर्व पर बुधवार को खालसा कॉलेज राजमोहल्ला स्टेडियम में सुबह और शाम को दीवान सजाया गया. यहां पर बड़ी संख्या में समाजजन पहुंचे. पूर्व के वर्षों में सामने आईं छोटी-छोटी समस्याओं को ध्यान में रखते हुए कई नई व्यवस्थाएं की गई थीं, जिसके चलते भक्तों को इस बार किसी भी तरह की परेशानी का सामना नहीं करना पड़ा. श्री गुरु सिंघ सभा द्वारा बुधवार को गुरमति दीवान में शामिल होने वाली संगत के लिए पार्किंग की सिस्टमेटिक व्यवस्था की गई. इस अवसर पर रागी जत्थों को सिरोपा देकर सम्मानित किया गया. शबद गायन सुनकर संगत मंत्रमुग्ध हो गई.



### समझा सेवा का महत्व

श्री गुरु सिंघ सभा इंदौर के अध्यक्ष हरपाल सिंह भाटिया एवं महासचिव प्रीतपाल सिंह भाटिया ने बताया कि लंगर की भी अलग व्यवस्था की गई. इससे यहां आने वाले समाजजनों और भक्तों को किसी भी तरह की दिक्कतों का सामना नहीं करना पड़ा. हम नई पीढ़ी की सोच पर काम कर रहे हैं. एजुकेशन और हेल्थ के क्षेत्र में भी हम काम कर रहे हैं गुरुनानक देवजी महाराज के बताए मार्ग पर चलने का पूरा प्रयास कर रहे हैं. इसके अलावा शहर के अन्य गुरुद्वारों में भी गुरु का अटूट लंगर आयोजित किया गया, जहां श्रद्धालुओं ने सामूहिक भोजन कर संगत और सेवा का महत्व समझा.

# देव दीपावली पर गो भक्तों ने किया दीपदान, गो सेवा भी की

▶ सैकड़ों दीपों से जगमगा उठा अहिल्या माता गौशाला परिसर

**इंदौर.** केसरबाग रोड़ स्थित श्री अहिल्या माता गौशाला का परिसर कार्तिक पूर्णिमा और देव दीपावली के अवसर पर हजारों दीपों से रोशन हो उठा। गौशाला परिसर को आकर्षक रंगोली, पुष्प सज्जा एवं विद्युत सज्जा से श्रृंगारित किया गया था। बड़ी संख्या में गो भक्तों ने गौशाला पहुंचकर दीपदान भी किया और गो सेवा का पुण्य लाभ भी उठाया.



गौशाला प्रबंध समिति के अध्यक्ष राधेश्याम गुरूजी, सचिव पुष्पेंद्र धनोतिया एवं संयोजक सीके अग्रवाल ने बताया कि आचार्य पं. मुकेश शास्त्री और उनके सहयोगी विद्वान आचार्यों ने गौशाला आने वाले भक्तों से पूजा संपन्न कराई. अनेक गौभक्तों ने सपरिवार यहां आकर पहले सप्त गौमाता मंदिर की परिक्रमा कर गौवंश का पूजन किया, फिर गौसेवा के बाद दूध युक्त जल से अर्ध्य प्रदान किया और विशेष रूप से बनाए गए जल कुंड में दीप दान भी किया. इस जल कुंड में पवित्र नदियों का जल भी डाला गया थ. गौभक्तों ने सप्त गौमाता मंदिर की परिक्रमा कर सुसज्जित गायों का पूजन भी किया। पूजन सामग्री, हरे चारे एवं अन्य पशु आहार की व्यवस्था गौशाला प्रबंध समिति द्वारा की गई थी।

समूचे गौशाला परिसर को विद्युत सज्जा एवं रंगोली से रोशन किया गया था. अनेक भक्तों ने गौसेवा के निमित्त गौ दान का पुण्य लाभ भी उठाया।

## एक नजर में — मिथिला की लोकसंस्कृति और प्रेम का प्रतीक है ये पर्व

# सखी-बहिनपा मैथिलानी समूह ने पारंपरिक रीति से मनाया सामा-चकेवा पर्व

**इंदौर.** मिथिला की लोकसंस्कृति और भाई-बहन के स्नेह का प्रतीक सामाङ्कचकेवा पर्व बुधवार को सखीङ्कबहिनपा मैथिलानी समूह, इंदौर इकाई द्वारा पूरे पारंपरिक उत्साह के साथ मेघदूत गार्डन में मनाय. कार्यक्रम में महिलाओं ने पारंपरिक परिधान पहनकर लोकगीतों और विधिङ्कविधान के साथ यह पर्व मनाया. समूह की अध्यक्ष श्रीमती आरती झा ने बताया कि सामा-चकेवा मिथिला क्षेत्र का प्रमुख लोकपर्व है, जो छठ पूजा के बाद कार्तिक शुक्ल सप्तमी से शुरू होकर पूर्णिमा तक मनाया जाता है. पूर्णिमा की रात सामा और चकेवा की मिट्टी की प्रतिमाओं को नदी या तालाब में विसर्जित कर विदाई दी जाती है. इस पर्व की कथा भगवान श्रीकृष्ण की पुत्री सामा और उनके भाई चकेवा से जुड़ी है. लोकमान्यता के अनुसार, जब सामा पर झूठा आरोप लगाया गया था, तब उनके भाई चकेवा ने उन्हें न्याय दिलाया. इसी भाईङ्कबहन के अटूट प्रेम की स्मृति में यह पर्व पीढ़ियों से मनाया जा रहा है. इंदौर की मैथिलानी महिलाओं ने हिस्सा लेकर परंपरागत रूप से मिट्टी से सामा, चकेवा, सुग्गा, डमरू और आटा चक्की जैसी मूर्तियां बनाकर सूप में सजाई और पारंपरिक गीत गाकर पूजा अर्चना की.



### सामूहिक रूप से लोकगीत गाए

सामूहिक रूप से लोकगीत गाकर धूमधाम से पर्व मनाया. पूरे आयोजन में लोकसंस्कृति की झलक और सामूहिक उल्लास देखने को मिला. सामा-चकेवा पर्व न केवल धार्मिक परंपरा का प्रतीक है, बल्कि यह मिथिला की जीवंत लोकसंस्कृति, परिवारिक एकता और भाईचारे की भावना का प्रतीक है.

# अन्नपूर्णा मंदिर पर आज कलश यात्रा के साथ होगा प्रभु नागर की भागवत कथा का शुभारंभ

**इंदौर.** अन्नपूर्णा मंदिर परिसर पर 40 हजार वर्गफीट मैदान में निर्मित पंडाल में होने वाली भागवत कथा का शुभारंभ 6 नवंबर को सुबह 10 बजे मंदिर परिसर में कलश यात्रा के साथ होगा. कथा के लिए भव्य पांडाल का निर्माण कार्य पूरा हो चुका है. यहाँ 12 नवंबर तक मालव माटी के सपूत संत कमलकिशोर नागर के सुपुत्र और प्रख्यात भागवत मर्मज्ञ संत प्रभु नागर के श्रीमुख से प्रतिदिन दोपहर 12 से 3 बजे तक भागवत कथामृत की वर्षा होगी.

कथा के मुख्य आयोजक एवंम आल इंडिया दालमिल एसो. के अध्यक्ष सुरेश अग्रवाल ने बताया कि पं. प्रभु नागर लंबे अन्तराल के बाद अन्नपूर्णा मंदिर परिसर में इंदौर एवं मालवा अंचल के भक्तों को भागवत कथामृत के माध्यम से जीवन को सँवारने के महामन्त्र बताएँगे. पूर्व महापौर कृष्णमुरारी मोघे के मार्गदर्शन में आयोजन से जुड़े शहर के गणमान्य नागरिकों की बैठक आज भी कथा पंडाल पर आयोजित की गई, जिसमें सभी व्यवस्थाओं को अंतिम रूप दे दिया गया है. इस दिव्य आयोजन के लिए विभिन्न समितियों का गठन भी किया गया है, जिनमें मंच व्यवस्था के लिए राजेश अग्रवाल, दिनेश बंसल पंप एवं गोपाल गोयल, पार्किंग व्यवस्था के लिए मदन प्रजापत, शुद्ध पेयजल व्यवस्था के लिए संजय कटारिया, सफाई व्यवस्था के लिए राहुल अग्रवाल, सुरक्षा व्यवस्था के लिए अशोक जैन एवं प्रचार व्यवस्था हेतु जेपी मूलचंदानी एवं संजय कटारिया को संयोजक मनोनीत किया गया है. पाटीदार समाज के वरिष्ठ सुखदेव पाटीदार ने भी कथा स्थल पर आयोजित तैयारियों की बैठक में भाग लिया.

